दिनांकः 19.11.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- सर्वोच्च न्यायालय ने बढ़ते वायु प्रदूषण को देखते हुए दिल्ली–एनसीआर की राज्य सरकारों को ग्रैप–4 प्रतिबंध लागू करने को कहा।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिसम्बर में होने वाली राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट की तैयारियों के साथ ही खेल विभाग की समीक्षा बैठक की।
- उच्च न्यायालय ने अस्पतालों के पास फायर एनओसी नहीं होने से जुड़े मामले में राज्य सरकार से जवाब मांगा।
- इसरो ने स्पेस एक्स के फॉल्कन 9 रॉकेट से अत्याधुनिक संचार उपग्रह जीसैट–20 का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया।

......................

सर्वोच्च न्यायालय ने दिल्ली–एनसीआर की राज्य सरकारों को तत्काल ग्रेडेड रेस्पॉन्स एक्शन प्लान–ग्रैप–4 प्रतिबंध लागू करने के लिए टीम गठित करने के निर्देश दिये हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वायु गुणवत्ता सूचकांक चार सौ पचास से कम होने पर भी ये प्रतिबंध लागू रहेंगे। न्यायालय ने दिल्ली और पड़ोसी राज्य सरकारों को स्कूलों में 12वीं तक की कक्षाएं भी तुरंत बंद करने को कहा है। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि सभी नागरिकों को प्रदूषण मुक्त वातावरण उपलब्ध कराना राज्यों का संवैधानिक कर्तव्य है। इस बीच, प्रदूषण के कारण कई रेलगाडियां और उड़ान सेवाएं बाधित हुई हैं। करीब 11 उड़ानें देरी से चल रही हैं और सात उड़ानों का मार्ग बदला गया है।
इधर, राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मंण्डल ने एनसीआर क्षेत्र में बढते प्रदूषण और वायु गुणवता सूचकांक के मद्देनजर ग्रेप–4 के मापदंडों की पालना सुनिश्चित करने को कहा है। मंडल की अध्यक्ष अपर्णा अरोरा ने सभी जिला कलेक्टरों और क्षेत्रीय अधिकारियों को उनके क्षेत्र में चल रही माइनिंग, क्रेशर इकाईयों और प्रतिबंधित गतिविधियों को तुरन्त प्रभाव से बंद करवाने के निर्देश दिये हैं। कल जयपुर में जिला कलेक्टर और प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के क्षेत्रीय अधिकारियों की बैठक में श्रीमती अरोरा ने प्रदूषण प्रभावित क्षेत्रो में एंटी स्मोग गन का प्रयोग कर डस्ट को कम करने के लिए पानी का छिड़काव करने के निर्देश दिये।

......................

ब्राजील में हुए जी–20 शिखर सम्मेलन में सदस्य देशों ने रियो डी जिनेरियो घोषणा–पत्र को अंगीकृत किया है। घोषणा–पत्र में जलवायु परिवर्तन और यूक्रेन तथा पश्चिम एशिया में युद्ध को समाप्त करने के लिए पहल की अपील की गई है। कल रात जारी इस घोषणा–पत्र का उद्देश्य विश्व की प्रमुख चुनौतियों का समाधान करना और टिकाऊ तथा समावेशी विकास को बढावा देना है। घोषणा पत्र में सुरक्षा परिषद को विस्तार देते हुए ऐसे क्षेत्रों तथा समूहों को शामिल करने की अपील की गई है जो अभी तक इस परिषद में प्रतिनिधित्व से वंचित हैं। घोषणा–पत्र में हर तरह के आतंकवाद की निन्दा की गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी जी–20 सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने ब्रिटेन, इटली, फ्रांस, नॉर्वे, पुर्तगाल और इंडोनेशिया के नेताओं से मुलाकात कर आपसी संबंधों के बेहतर बनाने पर चर्चा की है।

......................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य की अर्थव्यवस्था को अगले 5 सालों में 350 बिलियन डॉलर बनाने में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने कहा कि 9 से 11 दिसम्बर को आयोजित होने वाला यह समिट सम्भावनाओं के नए द्वार खोलेगा और राजस्थान को देश–दुनिया में निवेश के प्रमुख केन्द्र के रूप में स्थापित करेगा। कल मुख्यमंत्री कार्यालय में इन्वेस्टमेंट समिट की तैयारियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि समिट के दौरान निवेश समझौतों से युवाओं

के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री ने खेल और युवा मामले विभाग की समीक्षा भी की। इस संबंध में उन्होंने अधिकारियों को बजट घोषणाओं का समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा। श्री शर्मा ने कहा कि 'खेलो इंडिया' यूथ गेम्स की तर्ज पर 'खेलो राजस्थान' यूथ गेम्स आयोजित करवाए जाएंगे। इससे स्थानीय स्तर की प्रतिभाओं को तराशा जा सकेगा। उन्होंने बताया कि ग्रामीण युवाओं को खेल प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने के लिए पहले चरण में 10 हजार की आबादी वाली 163 ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है। बैठक में उद्योग और वाणिज्य मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

......................

केन्द्रीय कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय की ओर से आज भरतपुर में कौशल महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। महारानी श्री जया कॉलेज में होने वाले इस महोत्सव में केन्द्रीय कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री जंयत चौधरी शिरकत करेंगे। राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वेदमणि तिवारी ने बताया कि भरतपुर में पहली बार युवाओं को कौशल महोत्सव के जरिये रोजगार से जोडा जा रहा है। अब तक 7 हजार से ज्यादा युवाओं ने इसके लिये पंजीयन करवाया है।

......................

उच्च न्यायालय ने अस्पतालों के पास फायर एनओसी नहीं होने से जुडे मामले में मुख्य सचिव, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा सचिव और नगर निगम आयुक्त सहित अन्य से जवाब तलब किया है। जस्टिस पंकज भंडारी और जस्टिस शुभा मेहता की खंडपीठ ने प्रकरण में स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लेते हुए यह आदेश दिए। खंडपीठ ने अधिवक्ता राजेश मूथा को मामले में न्यायमित्र नियुक्त किया है। झांसी के अस्पताल में हुई आगजनी की घटना को देखते हुए अदालत ने इस संबंध में ओदश जारी किये हैं।

......................

के. संजय मूर्ति को भारत का नियंत्रक और महालेखापरीक्षक–सीएजी नियुक्त किया गया है। श्री मूर्ति फिलहाल शिक्षा मंत्रालय में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव हैं। वे गिरीश चंद्र मुर्मु का स्थान लेंगे।

......................

पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की आज जयंती है। इस अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें नमन किया जा रहा है। जैसलमेर और बाडमेर में जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। इसमें पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता भाग लेंगे।

......................

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन – इसरो ने कल रात स्पेस एक्स के फॉकन 9 रॉकेट से अत्याधुनिक संचार उपग्रह जीसैट–20 का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया। इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने कहा कि यह उपग्रह दूरदराज के इलाकों में ब्रॉडबैंड सेवा उपलब्ध कराएगा और यात्री विमानों में उड़ान के दौरान इंटरनेट सेवा प्रदान करेगा। यह उपग्रह 14 वर्ष तक काम करेगा। यह पहला मौका है जब इसरो ने अपनी वाणिज्यिक शाखा न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड के माध्यम से स्पेस एक्स रॉकेट से किसी उपग्रह का प्रक्षेपण किया है। जीसैट–20 उपग्रह का वजन 4 हजार 700 किलोग्राम है। भारत का बाहुबली कहा जाने वाला रॉकेट एलवीएम–3 भी इसे लेकर नहीं जा सकता, इसलिए इसके प्रक्षेपण के लिए स्पेस–एक्स को चुना गया। भारत अब तक ऐसे भारी उपग्रह के प्रक्षेपण के लिए फ्रांस के एरियन स्पेस पर निर्भर था।

......................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी रविवार को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 116वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 22 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1922 नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक से भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिये भी ऑनलाइन सुझाव दिये जा सकते हैं।

......................